स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश

नगर की खबर
नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश

# स्वच्छता टाइम्स

अंक 13 | दिनांक: 31 जुलाई 2023

## उत्साह और उमंग के साथ प्रदेशवासी बनें पौधरोपण महाभियान का हिस्सा : मुख्यमंत्री



- **धरती हमारी माता, हम सब इसकी संतान हैं अपने कर्तव्यों का करें निर्वहन**
- **जलवायु परिवर्तन की चिंता का स्थायी समधान है पौधरोपण**
- **वृहद जनभागीदारी के साथ वन महोत्सव में बनेंगे नए कीर्तिमान**
- **2026-27 तक 15% हरित आच्छादन वाला राज्य होगा यूपी**
- **पौधे की जियो टैगिंग के साथ उसके संरक्षण का भी हो ध्यान**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश के सभी ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों व सदस्यों, जिला पंचायत अध्यक्षों व सदस्यों, नगर पंचायत अध्यक्षों व सदस्यों, नगर पालिका परिषदों के अध्यक्ष व सदस्य, नगर निगम के महापौर व पार्षद गणों के साथ-साथ विधायकों व सांसदों से वेबिनार के माध्यम से संवाद कर वृहद पौधरोपण 2023 की तैयारियों की जानकारी ली और सभी की सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। इस संवाद कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों , जिला पंचायत अध्यक्षों, महापौर गणों व सांसद व विधायक गणों ने अपने-अपने क्षेत्र में वृहद पौधरोपण की कार्ययोजना व तैयारियों के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया और मार्गदर्शन प्राप्त किया। भारतीय मनीषा ने प्राचीन काल से ही इस बात को माना है कि धरती हमारी माता है और हम सब इसके पुत्र हैं। इसके पीछे यह भाव है कि हम धरती की रक्षा करेंगे तो धरती माता भी हमारी रक्षा के लिए उसी तत्परता के साथ हमें तैयार करेंगी और स्वयं भी तैयार रहेंगी। हमारी परंपरा वृक्षों में देवदर्शन की है। यह प्रकृति प्रेम का ही प्रतीक है।

प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता में लेते हुए विगत छह वर्ष में 135 करोड़ से अधिक पौधे रोपने का कार्य किया है। यह व्यापक पौधरोपण वृहद जनसहयोग से ही संभव हो सका है। यह संतोष की बात है कि इनमें से 80% पौधे वर्तमान में जीवित हैं।

व्यापक जनसहयोग से प्रदेश के हरित क्षेत्र में सतत वृद्धि हो रही है। हमारा लक्ष्य प्रदेश के हरित क्षेत्र को वर्तमान के 9% से बढ़ाकर 2026-27 तक 15% तक ले जाने का है। इस लक्ष्य के अनुरूप में अगले 05 वर्ष में 175 करोड़ पौधे लगाने और संरक्षित करने होंगे। इस लक्ष्य के अनुरूप **'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ'** के संदेश से को जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता है।

## नगर निकायों के सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में 14 जुलाई को सफाई के महाअभियान की करेंगे शुरुआत



**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने वर्चुअल बैठक कर सभी निकाय अधिकारियों को 14 से 21 जुलाई तक चलने वाले नगर सफाई महाअभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निकायों के सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्रों में 14 जुलाई को सफाई के महाअभियान की शुरुआत करेंगे। निकाय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में साफ़ सफ़ाई को लेकर व्यक्तिगत श्रमदान भी करेंगे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को सफ़ाई महाअभियान की जानकारी के बारे में फोन करके बताएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नवसृजित एवं नवविस्तारित निकायों में कार्यों को करने के लिए संसाधनों की कमी न पड़े, इसके लिए आसपास के निकाय इसमें सहयोग करेंगे।

# नगर सफाई महाभियान - 14 से 21 जुलाई 2023

## अभियान के दौरान निकायों द्वारा चलाई गई विभिन्न गतिविधियां








### मा. वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना जी के नेतृत्व में शाहजहांपुर में स्वच्छता रैली व जागरूकता अभियान चलाकर नगर सफाई महाभियान को और वृहद रूप दिया गया


कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने स्वच्छता रैली का शुभारंभ कर रैली का नेतृत्व किया नगर निगम द्वारा आयोजित की गई स्वच्छता रैली



### करनैलगंज जनपद गोंडा के माननीय विधायक अजय सिंह ने नगर सफाई के महाभियान अंतर्गत परसपुर नगर पंचायत, करनैलगंज नगर पालिका में किया श्रमदान










# नगर सफाई महाभियान - 14 से 21 जुलाई 2023

## अभियान के दौरान निकायों द्वारा चलाई गई विभिन्न गतिविधियाँ

वेस्ट टू वंडर पार्क में नगर सफाई महाअभियान के दौरान चलाई जा रही वार्ड स्तर रैली में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति, स्वच्छता समिति के सदस्यों तथा माननीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर वार्ड की स्वच्छता के संबंध में विचार विमर्श किया गया, साथ ही स्वच्छता फीडबैक हेतु जन जागरूकता अभियान चलाते हुए डोर टू डोर अभियान चलाया गया, जिसमें अधिक से अधिक लोगों को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के वाहनों में कचरा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया.









## पीलीभीत नगर पालिका में सफाई मित्रों का अभिनन्दन व स्वच्छता में सहयोग पर किया उत्साहवर्धन









श्री ए0 के0 शर्मा
माननीय नगर विकास मंत्री
उत्तर प्रदेश

सफाई एक निरंतर चलने वाला कार्य है, इसमें सफ़ाई मित्रों, नगर कर्मियों, अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी आवश्यक होता है। महाभियान में मान. महापौर, मान. विधायक, सैनिक, नगरकर्मी से लेकर नगर आयुक्त, समाज और सरकार के सभी लोगों ने स्वयं योगदान दिया और श्रमदान किया है, यह बहुत ही सराहनीय है। हमें पूरी ऊर्जा के साथ अपने घरों एवं अपने आस पास के क्षेत्रों, सड़कों, पार्कों, नाले व नालियों को साफ-सुथरा रखने में सहयोग देना चाहिए। जितना स्वच्छ व सुन्दर वातावरण होगा, उतना ही ज्यादा जीवन में खुशहाली होगी और बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। साथ ही हमें खाली जगहों पर पौधे लगाकर ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणामों से भी सुरक्षित रहने में सहायता मिलेगी।

# कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को समस्या न हो, इस पर दें विशेष ध्यान : ए.के. शर्मा

- **जल निकासी, साफ-सफाई, कूड़ा उठान, सड़क मरम्मत एवं स्ट्रीट लाइट के कार्यों में न हो ढिलाई**
- **मच्छर जनित बीमारियों, मलेरिया, डेंगू, संचारी रोगों से निपटने की हो व्यवस्था**



**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात के मौसम में प्रदेश के नगरीय निकायों की जल निकासी, साफ-सफाई, कूड़ा उठान, सुंदरीकरण, सड़क मरम्मत तथा जन सुविधाओं के सुचारु संचालन के कार्यों में कहीं पर भी ढिलाई न बरती जाए। निकाय अधिकारी प्रतिदिन क्षेत्रों में जाकर कार्यों का निरीक्षण करें और नागरिकों के सामने उत्पन्न समस्याओं का तत्काल समाधान कराएं। कहीं से भी जन सुविधाओं को लेकर शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने वर्चुअल बैठक में कहा कि बरसात में जलभराव, सड़कों के टूटने, मलेरिया, डेंगू, संचारी रोगों के फैलने की समस्याएं बढ़ जाती हैं, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे निपटने के लिए पहले से ही पूर्ण तैयारी एवं सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने कहीं पर भी जलभराव न हो, इसके लिए जल निकासी हेतु पंपिंग स्टेशनों को चालू हालत में रखने और जहां जरूरी हो अतिरिक्त पंप की व्यवस्था करने को कहा। जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने और वहां पर पानी के निकास की उचित व्यवस्था के साथ ही सभी नाले,नालियों को साफ रखने और उनके चोकिंग पॉइंट की भी नियमित निगरानी करने को कहा, जिससे पानी की निकासी में कोई रुकावट ने पैदा हो।



श्री राकेश राठौर 'गुरू'
माननीय नगर विकास मंत्री
माननीय नगर विकास
राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

प्रधानमंत्री जी की स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी और नगर विकास मंत्री श्री ए के शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में चलाये गए स्वच्छता के महाभियान में जनता का उत्साह देखने योग्य था। अभियान के दौरान सफाई और सुन्दरता पर विशेष ध्यान देते हुए नगरों को विश्वस्तरीय श्रेणी का बनाने का प्रयास किया गया। वहीं साफ़ किये गए स्थानों पर पौधरोपण कर वातावरण को स्वच्छ बनाने में दिखी जनभावना को सादर नमन करता हूं। स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण से ही हमारी अगली पीढ़ी एक समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान में सहायक होगी।

# नगरीय निकायों के नवगठित बोर्ड पहली ही बैठक में महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन पर लगाएंगे मुहर



- **योगी सरकार ने निर्देश दिया , पहली ही बोर्ड बैठक में केंद्र और राज्य की योजनाओं की कार्ययोजना प्रस्तुत कर प्राप्त करें अनुमोदन**
- **अमृत 2.0, एसबीएम 2.0, भारत मिशन 1.0, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम समेत अन्य योजनाओं पर तैयार हो आगे की कार्ययोजना**

**लखनऊ।** नगरीय निकायों में नवगठित बोर्ड को पहली बैठक में भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त करने के निर्देश दिए है। इन योजनाओं में अमृत 2.0, एसबीएम 2.0, भारत मिशन 1.0, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम समेत अन्य योजनाएं सम्मिलित हैं। प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा निदेशक डॉ नितिन बंसल एवं समस्त नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारियों को जारी निर्देशो में नगरीय निकायों के नवगठित बोर्ड को वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट प्राविधान एवं उनमें नगरीय निकायों को प्राप्त होने वाले संभावित धनावंटन की भी जानकारी दी है। इससे पहले भी सरकार की ओर से निकायों में कराए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना तैयार कर उस पर निकाय बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त कर कार्ययोजना शासन को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया जा चुका है। इसका अनुपालन सुनिश्चित करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक कार्ययोजना नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत बोर्ड से अनुमोदित कराकर शासन को उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है।



श्री अमृत अभिजात
प्रमुख सचिव नगर विकास
उत्तर प्रदेश

राष्ट्र के निर्माण में नगरों की स्वच्छता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि नगरीकृत क्षेत्रों में ज्यादातर जनसंख्या बसती है और यहाँ की स्वच्छता का प्रबंधन न केवल जनस्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता है, बल्कि यह भी राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक और आर्थिक विकास को प्रभावित करता है। नगरों की स्वच्छता का मतलब है कि यहाँ की सड़कें, नालियाँ, जलवायु, और जनसाधान सुविधाएँ स्वच्छ और सुरक्षित होनी चाहिए। यह समर्थन करने में महत्वपूर्ण है कि समुदाय के सभी सदस्य भागीदारी दिखाएं और व्यक्तिगत, सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर उन्हें समर्थन मिले। स्वच्छता अभियानों का आयोजन करना और उन्हें सक्षम बनाना चाहिए, जो लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाते हैं और उन्हें स्वच्छता के प्रति उत्साहित करते हैं। नवाचारी तकनीकी समाधानों का उपयोग करके नगरों की स्वच्छता में सुधार किया जा सकता है।



श्री नितिन बंसल
निदेशक, स्थानीय निकाय
उत्तर प्रदेश

नगरों की स्वच्छता में नवाचार और जागरूकता एक महत्वपूर्ण अंग है। यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि नगरों में स्वच्छता के प्रति सभी लोगों का सहयोग हो और स्वच्छता के मानकों को बढ़ावा मिलता है। नवाचार और जागरूकता स्वच्छता के प्रति लोगों की दृष्टि और विचारधारा में परिवर्तन लाने में मदद करते हैं। स्थानीय प्रशासन में भी नवाचार का प्रयोग किया जा सकता है, जैसे कि स्वच्छता कार्यों की निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स का उपयोग, स्वच्छता समितियों का गठन और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवाचारिक दृष्टिकोण। जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा संस्थानों में और समुदायों में स्वच्छता के महत्व को शामिल करना चाहिए। जागरूकता को बढ़ाने के लिए मीडिया, सोशल मीडिया, पोस्टर और सामूहिक चर्चा का उपयोग किया जा सकता है। स्वच्छता के महत्व को लोगों के बीच प्रसारित करने के लिए ये माध्यम अत्यंत प्रभावी हो सकते हैं।

# नगर विकास मंत्री ने स्वयं नाली की सफाई एवं श्रमदान कर नगर सफाई महाभियान की शुरुआत की



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री एके शर्मा ने प्रातः 08 बजे आशियाना के हिन्दनगर वार्ड के सेक्टर-डी स्थित मानसरोवर गुरूद्वारा साहिब के सामने की नाली को स्वयं फावड़े से सफाई एवं श्रमदान कर सभी 762 नगरीय निकायों में 14 से 21 जुलाई तक चलने वाले नगर सफाई महाभियान की शुरूआत की। इस दौरान लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त श्री इन्द्रजीत सिंह, क्षेत्रीय पार्षद सौरभ सिंह मोनू भी उपस्थित थे। श्री एके शर्मा के आह्वान पर प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकायों में नगर निगमो के महापौर, नगर पालिका परिषदों के चेयरमैन, नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं सभी वार्डों के पार्षदों के नेतृत्व में अपने-अपने क्षेत्रों में नगर सफाई अभियान की शुरुआत की गयी। मंत्री श्री शर्मा जी ने छेत्र में हर तरफ साफ-सफाई का निरीक्षण किया और स्थानीय नगरवासियों की समस्याओं को जाना। उन्होंने स्थानीय निवासियों को अपने घरों के साथ अपने आस पास के क्षेत्रों, सड़कों, पार्कों, नाले व नालियों को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जितना अच्छा साफ-सुथरा एवं स्वच्छ व सुन्दर वातावरण होगा, उतना ही ज्यादा जीवन में खुशहाली होगी और बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। सेक्टर-डी निवासी श्री एके सिन्हा के आवास के सामने हरे और नीले रंग के रखे डस्टबिन को उठाकर सूखे और गीले कचड़े को अलग-अलग रखकर कूड़ा गाड़ी को देने को कहा। लोग कूड़े को इधर उधर न फेकें बल्कि डस्टबिन में डाले या कूड़ा गाड़ी को दें।









# मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की परिकल्पना को साकार करने हेतु मा. नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी के कुशल निर्देशन में नगर विकास विभाग द्वारा 35 लाख पौधों के रोपण के साथ ही उनका संरक्षण भी किया जाएगा।














# अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री दिवस : 03 जुलाई 2023

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री दिवस एवं आरम्भ 2.0 अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबन्धित करने के उद्देश्य से प्रदेश में जन जागरूकता के उद्देश्य से अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से शहरवासियों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुरूप्रभावों से अवगत कराया गया। साथ ही रैलीयों के दौरान सिगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबन्धित करने हेतु जनसंदेश भी दिया गया। साथ ही निकायों द्वारा कपड़े से बने बैग (थैले) का वितरण कर सिंगल यूज प्लास्टिक त्यागने की अपील की गई। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से निदेशालय के अधिकारितपोर्टल पर प्लास्टिक प्रतिबंधित के संदेशो को भी पोस्ट किया गया।

























# सिटिजन फीडबैक

निकायों के मौहल्लों, स्कूल कॉलेज व डोर-टू-डोर जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अन्तर्गत क्षेत्रीय नागरिकों की जनसहभागिता सुनिश्चित कराते हुये सिटीजन फीडबैक देने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही गीला कचरा एवं सुखा कचरा अलग-अलग कर गीले कचरे से होम कंपोस्टिंग करने हेतु जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की गई।



## हम सब ने यह ठाना है, लखनऊ को स्वच्छ बनाना है

### प्रत्येक व्यक्ति जिम्मेदारी के साथ अपने कूड़ा प्रबंधन के लिए स्वयं भी प्रयास करें और स्वच्छता में अपना योगदान दें : श्री एके शर्मा

### सभी अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखें और स्वच्छता का वातावरण तैयार करें : वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना



- वित्त मंत्री ने स्वच्छता को अपने जीवन एवं दिनचर्या का अंग बनाने, अपने घर तथा आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने में पूर्ण सहयोग देने तथा मन वचन व कर्म से स्वच्छता का माहौल बनाने का प्रण लिया
- स्वच्छता सर्वेक्षण में लखनऊ को देश में उत्कृष्ट सूची में शामिल करने का लक्ष्य
- कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें
- एके शर्मा जी ने की अपील : समय से अपने घरों से कूड़ा बाहर निकालें और सफाई कर्मियों के कार्यों में सहयोग करें








**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ द्वारा आयोजित स्वच्छता जागरूकता रैली का शुभारंभ प्रभारी मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी एवं नगर विकास मंत्री श्री ए के शर्मा जी ने झंडी दिखाकर किया। स्वच्छता रैली 1090 चौराहा से प्रारंभ होकर राजभवन चौराहे से झंडीवाला पार्क नगर निगम मुख्यालय पर पहुंचकर समाप्त हुई।

नगर विकास मंत्री श्री ए के शर्मा जी ने कहा कि स्वच्छता एक ऐसा विषय है जो सभी के लिए जरूरी है परंतु अधिकांश लोगों को लगता है कि यह उनका काम नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मानसिकता को बदलना है यदि हमें अपने आसपास साफ सफाई चाहिए तो इसके लिए जरूरी है कि हम स्वयं भी प्रयास करें। हर संस्था हर घर एवं प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह कूड़ा प्रबंधन के लिए स्वयं भी प्रयास करें और स्वच्छता में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वयं के साथ-साथ आस पड़ोस में भी स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी भी लोगों को उठानी चाहिए। श्री शर्मा जी ने कहा कि हमें अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों के साथ वातावरण को स्वच्छ रखना है तो हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा।

वित्त मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री सुरेश खन्ना ने स्वच्छता को अपने जीवन एवं दिनचर्या का अंग बनाने के साथ अपने घर तथा आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने में पूर्ण सहयोग देने मन वचन व कर्म से स्वच्छता का माहौल बनाने की शपथ दिलाई।







# नगरों को श्रेष्ठ और सुन्दर बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी







- **नगर विकास मंत्री ने देवाशरीफ, फतेहपुर, रामनगर नगर पंचायतों की साफ-सफाई, जलभराव, जनसुविधाओं का किया औचक निरीक्षण**
- **साफ-सफाई, कूड़ा के लिए लोगों, दुकानदारों को जागरूक किया**
- **सफाई कर्मचारियों से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना और उत्साहवर्धन किया**

**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री श्री एके शर्मा ने 14 से 21 जुलाई तक चल रहे नगर सफाई महाअभियान के संदर्भ में बाराबंकी जनपद के नगर पंचायत देवा शरीफ, फतेहपुर एवं रामनगर की साफ-सफाई एवं जन सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री जी ने साफ-सफाई के लिए लोगों को जागरूक किया। व्यापारियों को उन्होंने अपनी दुकान के सामने गीला और सूखा कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने के लिए कहा तथा अपनी दुकान या संस्थान से निकले कचरे को कूड़ा गाड़ी में देने को कहा। उन्होंने मोहम्मदी होटल, श्री बालाजी फास्ट फूड सेंटर तथा निशा कैन्टीन के पास सफाई कर रहे सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की और उनके कार्यों की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने वहां के स्थानीय निवासी रूक्खसाना से साफ-सफाई हो रही है कि नहीं के बारे में पूछा और उन्हें घर के कचरे को समय से कूड़ा गाड़ी को देने को कहा।

# महापौर तथा नगर आयुक्त ने किया कांवड़ शिविर का उद्घाटन
## पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को वितरित किया भोजन

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने जहां कांवड़ मेले के दौरान व्यवस्थाओं को संभाली, वहीं साईं उपवन साईं मंदिर में भंडारे का आयोजन भी किया। जिसका उद्घाटन मा. महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ द्वारा किया गया।

महापौर तथा नगर आयुक्त ने पार्षदों व अधिकारियों के साथ मिलकर साईं मंदिर में जा कर आरती की उसके बाद शिवलिंग पर जल चढ़ाया, पूजा अर्चना के बाद उपस्थित कांवरियों को भोजन कराया।

महापौर जी तथा नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम का 12 वां विशाल भंडारा है। जिसमें शिव भक्तों के लिए जो कांवर लेकर आए। उनके स्नान करने, सात्विक भोजन करने, बैठने तथा आराम करने की व्यवस्था भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई है। भंडारे में किसी प्रकार की गंदगी न हो उसका विशेष ध्यान रखा गया। जीरोवेस्ट पर आधारित यह भंडारा होगा जिसकी व्यवस्था की गई है।






नगर आयुक्त महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को कांवड़ के दौरान लगे शिविर में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया तथा कांवरियों को गाजियाबाद नगर निगम में आगमन पर स्वागत किया। कार्यक्रम में मीडिया बंधु माननीय पार्षद गण तथा गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी गण उपस्थित रहे, जिनके द्वारा कांवड़ शिविर में कावड़ियों की भोजन व्यवस्था में सहयोग किया गया।

**नगर विकास मंत्री श्री ए के शर्मा ने आगरा में साफ-सफाई एवं विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण**

# सफाई मित्रों और सभी जनों के सहयोग से उत्तर प्रदेश, उत्तम प्रदेश बनकर रहेगा





**नगर विकास मंत्री ने सफाई मित्रों के कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें शौल देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया**

**सफ़ाई अभियान का समापन हुआ, सफाई का कार्य निरंतर चलता रहेगा**

- **आगरा।** नगर विकास मंत्री श्री ए के शर्मा जी ने रात्रि 8 बजे आगरा जनपद के पंचवटी रोड ताजनगरी फेज-02 और वार्ड नं0 77 में पहुंचकर वहां की साफ-सफाई कि व्यवस्था, जल-निकासी के लिए नाले-नालियों की व्यवस्था, संचारी रोग, जलजनित एवं मच्छर जनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया की रोकथाम तथा 14 से 21 जुलाई, 2023 तक सभी निकायों में एक सप्ताह का चलाये गये नगर सफाई महाअभियान के तहत किये गये कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगरा नगर निगम के सफाई मित्रों के कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें शौल देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से 22 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर पौधरोपण करने की भी अपील की, जिससे कि पर्यावरण शुद्ध और स्वच्छ बन सके और लोगों के जीवन स्तर और स्वास्थ्य में सुधार हो। उन्होंने कहा कि प्रकृति ही जीवन का आधार है। पेड़-पौधे हम सभी के पूज्य हैं, इनमें देवताओं का वास होता है।

श्री शर्मा जी ने क्षेत्र के लोगों, दुकानदारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के व्यापारियों एवं होटल रेस्टोरेंट चलाने वालों से अपने आस-पास साफ-सफाई रखने तथा अपने घरों, दुकानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने गीला एवं सूखा कचरा के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के क्षेत्रों का साफ-सुथरा होना, कहीं पर गंदगी न दिखे इससे मन का बड़ा सकुन मिलता है साथ ही दूसरे लोगों को भी आकर्षित करता है।

श्री शर्मा जी ने कहा कि हमारे सभी नगरों ने पूर्ण प्रयास करते हुए साफ-सफाई, जलनिकासी, सुन्दरीकरण के लिए बेहतर कार्य किया। इस कार्य में सभी सफाई मित्रों, नगर कर्मियों, अधिकारियों एवं निकाय जन-प्रतिनिधियों, महापौर, अध्यक्षों एवं विधायकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसके लिए वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं। महाअभियान में जन सहयोग का भी पूर्ण समर्थन मिला।




## अभियान का समापन हुआ है, सफाई का कार्य निरंतर चलता रहेगा : एके शर्मा

- **मा. मंत्री ने मान. महापौर, विधायक, नगर आयुक्त, सफ़ाईमित्र और समाज का किया धन्यवाद**

**लखनऊ।** सफाई एक निरंतर चलने वाला कार्य है, इसमें सबका सहयोग हमेशा प्रार्थनीय है। मा. मंत्री नगर विकास श्री ए के शर्मा जी ने नगर सफाई के महाभियान को सफल बनाने में अपनी ऊर्जा और क्षमता के साथ कार्यरत सफ़ाई मित्रों, नगर कर्मियों, अधिकारियों एवं पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया है। मा. मंत्री श्री शर्मा जी ने कहा कि मान. महापौर, मान. विधायक, सैनिक, नगरकर्मी से लेकर नगर आयुक्त, समाज और सरकार के सभी लोगों ने 'नगर सफ़ाई महाभियान' में स्वयं योगदान दिया और श्रमदान किया है, यह बहुत ही सराहनीय है। उनके योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं. साथ ही मा. मंत्री श्री शर्मा जी ने नगर की जनता की ओर से सबका धन्यवाद किया है। मंत्री ने कहा कि इस दौरान सफाई मित्रों ने भी पूरी ऊर्जा के साथ नगर सफाई अभियान में सहयोग किया है। स्थानीय निवासियों को भी मंत्री श्री शर्मा जी ने अपने घरों के साथ अपने आस पास के क्षेत्रों, सड़कों, पार्कों, नाले व नालियों को साफ सुथरा रखने में सहयोग देने के लिए उनकी सराहना की है. उन्होंने कहा कि जितना स्वच्छ व सुन्दर वातावरण होगा, उतना ही ज्यादा जीवन में खुशहाली होगी और बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। मंत्री जी ने क्षेत्र के लोगों से खाली जगहों पर पौध लगाने का भी आग्रह किया है।

# मंत्री श्री ए.के.शर्मा ने आगरा में पीपल का पौधा रोपकर वृक्षारोपण जन आंदोलन की शुरुआत की










- **नगर विकास मंत्री ने आगरा में 48 लाख पौधारोपण के सापेक्ष 50 लाख पौधारोपण का दिलाया संकल्प**
- **अधिक से अधिक पौधरोपण कर प्रकृति के संरक्षण में दें सभी अपना योगदान**
- **भारतीय संस्कृति में वृक्ष ईश्वरीय प्रतीक होने से पूजनीय**

- **आगरा।** मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर वृहद वृक्षारोपण जन अभियान 2023 के तहत पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने है, जिसमें से आज 22 जुलाई को 30.00 करोड़ एवं 15 अगस्त को 5.00 करोड़ पौध रोपण किया जाना है।

इसी क्रम में आगरा जनपद के प्रभारी मंत्री व नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने ताज नगरी फेस-2 के जोनल पार्क में अपने कर कमलों से पीपल का पौधा रोपकर आगरा में वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत  की। मंत्री जी ने इस दौरान आंवला, बरगद, पीपल, बेल, अशोक के पौधों की पंचवटी वाटिका तथा पीपल, पाकड़, बरगद के पौधों से बनाई गई हरिशंकरी वाटिका का भी रोपण किया। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से प्रकृति के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। मंत्री जी के आह्वान पर जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों, कर्मचारियों , नवयुवकों,स्कूल के बच्चों ,आमजन ने वृक्षारोपण अभियान में बड़े उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पौधरोपण किया।आज के इस पौधरोपण अभियान में आगरा में 42 लाख पौधे रोपे गए।

इस अवसर पर मंत्री जी ने वृक्षरोपण अभियान का हिस्सा बनने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर आज पूरे प्रदेश में कुल 35 करोड़ पौधों में से 30 करोड़ पौधे रोपे जा रहे। आगरा जनपद में भी आज 48 लाख पौधों में से 42 लाख पौधों का रोपण किया गया। आगे इसमें 02 लाख की वृद्धि के साथ अब 50लाख पौधों को रोपण किया जायेगा।इस दौरान उन्होंने कहा कि वृक्ष भारतीय संस्कृति में ईश्वरीय प्रतीक माने जाते हैं, इसलिए हमारे यहां वृक्षों की पूजा की जाती है। उन्होंने पीपल वृक्ष के महत्व को शास्त्रोक्त कहा कि "मूलतों ब्रह्म रूपाय,मध्यते विष्णु रूपने, अग्रतो शिव रूपाय, महाबृक्षाय नमो नमः" अर्थात पीपल के वृक्ष के मूल में ब्रह्म का मध्य में विष्णु का और अग्र भाग में शिव का वास होता है। उन्होंने कहा कि पीपल वृक्ष को प्रणाम कर जो जीवन की शुरुआत करते हैं, उन्हें सफलता मिलती है। पीपल वृक्ष के सामने"आयुः प्रजा धनम धान्यम देही मम, महाबृक्षाय" बोलकर लोग अपनी मुरादे पूरी करते हैं। उन्होंने महापौर को मिले बेल के पौधे को देखकर कहा कि बेल का वृक्ष साक्षात शिव का अंश होता है। इसी प्रकार शमी के पौधे में लक्ष्मी का वास होता है। वृक्ष हमारे भौतिक जीवन व हमारे स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद करते हैं। साथ ही आध्यात्मिक रूप में भी वृक्ष का बहुत महत्व है। कहा कि वृक्ष वातावरण को शुद्ध करते हैं, वायुमंडल के कार्बन को समाहित कर शुद्ध वातावरण देने के साथ, छाया व ऑक्सीजन प्रदान करते हैं।

# सोशल मीडिया





स्वच्छता में अपने शहर को
नंबर 1
लाने के लिए दिए गए QR CODE के माध्यम से अपना फीडबैक दें
नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश






विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस


नगर सफ़ाई महाअभियान
14 से 21 जुलाई 2023
नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश


SAY NO TO PLASTIC




नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश


SWACHH TALKS
UTTAR PRADESH


PAPER BAG DAY
JUNE 12, 2023
REFUSE